







# मुख्यमंत्री डॉ . यादव ट्रांजिट विजिट पर खजुराहो एयरपोर्ट पहुंचे

## विमानतल पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया आत्मीय स्वागत

**चंदला, 24 नवम्बर. प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को ट्रांजिट विजिट पर खजुराहो विमानतल पहुंचे।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर भी आए। इस दौरान छतरपुर विधायक ललिता यादव, राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया, बिजावर विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व नपा अध्यक्ष अर्चना सिंह, चंद्रभान सिंह गौतम सहित प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एसपी अगम जैन, एसडीएम प्रशांत अग्रवाल द्वारा मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. यादव भोपाल के लिए प्लेन से रवाना हुए।

## महिला सुरक्षा के संबंध में दी जानकारी

**भैरूंदा 24 नवंबर.** स्थानीय पुलिस द्वारा सोमवार को मुस्कान विशेष अभियान के अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिदगांव काछी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान महिला अपराध के संबंध में बालक बालिकाओं को जागरूक किया गया. केस स्टडी के माध्यम से बच्चियों को महिला अपराधों के संबंध में जानकारी देते हुए जागरूक किया एवं वह किस तरह से अपराधों से अपना बचाव कर सकती है. बालिकाओं को वर्तमान में चल रहे सोशल नेटवर्किंग साइट से होने वाले अपराधों के बारे में जागरूक किया. बालिकाओं को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 1090 नंबर के बारे में जानकारी दी गई. कार्यक्रम में एसडीओपी रोशन कुमार जैन, टीआई घनश्याम दांगी आदि उपस्थित थे.



# बेहतर उपचार एवं सफल सर्जरी का उदाहरण बना जिला अस्पताल

- ढाई माह की मान्या ने दिव्यांगता को हराया
- टेढ़े पैर के सफल ऑपरेशन पर माता पिता हुए भावुक

**छतरपुर, 24 नवम्बर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार सुदृढ़ बनाने के प्रयास किए जा रहे है। सरकार द्वारा अस्पतालों में आधुनिक मशीनरी, विशेषज्ञ सेवाएं और चिकित्सा सेवा बढ़ाए जाने का लाभ सीधे आमजनता तक पहुंच रहा है। जिससे हमारे डॉक्टर भी मरीजों का स्थानीय स्तर पर बेहतर से बेहतर उपचार, सर्जरी एवं सफल ऑपरेशन सफलता पूर्वक कर रहे हैं।**

ऐसा ही उदाहरण बनकर उभरा है छतरपुर का जिला अस्पताल, जहां प्रतिदिन अनेक मरीज बेहतर उपचार पाकर स्वस्थ होकर घर लौट रहे हैं। इसी सकारात्मक बदलाव का उदाहरण बनीं ढाई महीने की मान्या। जो ग्राम महेबा निवासी रमेश की बेटी हैं। मान्या का पैर जन्म से टेढ़ा था। जो क्लब फुट नामक बीमारी से ग्रसित थी। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उसके माता पिता महंगा ईलाज कराने में सक्षम नहीं थे। ऐसे कठिन समय में मान्या के पिता ने जिला अस्पताल का रुख करते हुए हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि सोनी से परामर्श लिया। डॉक्टर ने मान्या के पिता को भरोसा दिलाया और अपनी पूरी टीम के साथ मान्या के पैर का सफल ऑपरेशन किया। आज मान्या पूरी तरह से स्वस्थ है और वह जन्मजात दिव्यांगता को मात देकर सामान्य जीवन की ओर बढ़ रही है। मान्या के माता पिता ने अपनी बेटी को स्वस्थ पाकर जिला अस्पताल प्रबंधन को धन्यवाद दिया है।

**390 बच्चों का सफल ऑपरेशन**

डॉ. रवि सोनी ने बताया कि जिला अस्पताल में उन्होंने अभी तक हड्डी रोग एवं जन्मजात दिव्यांगता और बीमारी से जुड़े 390 बच्चों के सफल ऑपरेशन कर चुके हैं। यह उपलब्धि न केवल चिकित्सा टीम की विशेषज्ञता को दर्शाती है बल्कि सरकार की बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था और चिकित्सा का प्रमाण भी है।

## एक नजर में




### कांग्रेस ने की एसआईआर को लेकर विस्तृत चर्चा

**आष्टा .** ब्लॉक कांग्रेस द्वारा बीएलओ एवं कांग्रेस पदाधिकारी की बैठक जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई . श्री गुजराती ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के एसआईआर के अंतर्गत कांग्रेस के पदाधिकारी और उनसे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण बीएलओ की भूमिका है हमारे साथियों को प्रत्येक बूथ पर आने वाले क्षेत्र में बीएलओ के साथ मिलकर सभी मतदाताओं की प्रक्रिया को पूर्ण करना है प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल हो यह लोकतंत्र और हमारे लिए सबसे प्राथमिकता होना चाहिए कार्यक्रम को कांग्रेस नेता हरपाल ठाकुर, कैलाश परमार, जितेंद्र शोभा खेड़ी, महेश मुंदीखेड़ी,अरविंद सिंह सेमली बारी, कृपाल सिंह सोलंकी, जाहिद गुड्डू, कमल सिंह चौहान गुलाबबाई ठाकुर, पहलाद सिंह ने भी संबोधित किया .




### पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में मनाया शहीदी दिवस

**सीहोर .** नगर के पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में गुरु तेग बहादुर सिंह का 350वां शहीदी दिवस मनाया गया . कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर आमिर एजाज एवं डॉक्टर शीलचंद गुप्ता ने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर सिंह ने औरंगजेब की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध धार्मिक स्वतंत्रता एवं मानव अधिकारों की रक्षा के लिए डट कर संघर्ष किया और यातनाओं के आगे झुकने के स्थान पर शहीदी का चयन किया .गुरु तेग बहादुर ऐसे ही महापुरुष थे जो यातनाओं एवं अत्याचारों से विचलित नहीं हुए और उन्होंने सद्मार्ग छोड़ने से इनकार कर दिया . इस अवसर पर डा. तिमोथियस एक्का, डॉ . तृप्ता झा, डॉ . सिद्धनाथ खजूरिया आदि उपस्थित थे .



### तुलावट संघ ने किया उमराह से लौटने पर स्वागत

**सीहोर .** शहर के मंडी स्थित कृषि उपज मंडी में तुलावट संघ के सदस्य पवित्र उमराह के लिए गए थे . करीब तीन सप्ताह से अधिक दिनों की यात्रा से लौटने के पश्चात साथ शफीक खां का मंडी में जोरदार स्वागत किया . संघ के अजमेरी खां ने बताया कि इस मौके पर गल्ला व्यापारी संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र राठौर, तुलावट संघ के अध्यक्ष राजेश यादव आदि ने शफीक खां का स्वागत किया . कार्यक्रम में व्यापारी पप्पू राठौर, देवेन्द्र राठौर, अजमेरी खां, बाबूलाल सूर्यवंशी, छोटेलाल यादव, ओम प्रकाश रेकवार, केशर सिंह, जीवन लाल यादव, धनराज, कैलाश सूर्यवंशी, हीरा, प्रीतम यादव, अमरचंद्र यादव, हीरालाल यादव, रितेश यादव, पवन सूर्यवंशी, प्रकाश यादव, विजय यादव, राजेश मेवाड़ा, रफीक, राज नारायण, जय नारायण, नरेश यादव, राजेश यादव, दौलत राय, सरजू प्रसाद आदि मौजूद थे .

### पीएम श्री विद्यालय में लगी ड्राइंग व मॉडल प्रदर्शनी

**बुधनी .** पीएमश्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत ड्राइंग एवं मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया . जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं ने भाग लिया . प्रदर्शनी में छात्राओं ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता पर आकर्षक मॉडल तथा रचनात्मक ड्राइंग प्रस्तुत कीं . छात्राओं ने स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए कक्षाओं को आकर्षक तरीके से सजाया . कार्यक्रम के दौरान सभी छात्राओं ने स्वच्छता शपथ भी ली .



## जिला स्तरीय महासम्मलेन के बांटे आमंत्रण पत्र

**सीहोर.** नपा सहित समस्त विभागों के कर्मचारियों की मांगों के सम्बंध में जिला स्तरीय महासम्मेलन का आयोजन 27 नवम्बर को दोपहर 1 बजे बालविहार ग्राउण्ड में आयोजित किया जा रहा है. कार्यक्रम को प्रताप करोसिया सम्बोधित करेगें. इस हेतु तहसील अध्यक्ष दिनेश वैद्य जावर, शहर अध्यक्ष अशोक वैद्य, अशोक चौहान सीहोर, प्रदीप वेद, स्थापना बाबू नगर परिषद जावर रोहित चिंतामणि, धर्मेंद्र फतरोड़, शहर उपाध्यक्ष, नसरुल्लागंज, रहटी, बुधनी , इछावर के सभी पदाधिकारी से महासम्मेलन के विषय में चर्चा की गई और निमंत्रण पत्र सौंपा गया.

# जिपं सामान्य सभा की बैठक सम्पन्न

**छतरपुर, 24 नवम्बर. जिला पंचायत छतरपुर की सामान्य सभा की बैठक का आयोजन अध्यक्ष जिला पंचायत छतरपुर विद्या अग्निहोत्री की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष पार्वती राजपूत, जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, शशिकांत अग्निहोत्री सांसद प्रतिनिधि संसदीय क्षेत्र दमोह, प्रवीण प्रताप सिंह विधायक प्रतिनिधि महाराजपुर एवं विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे।**




मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा बैठक में गत बैठक की कार्यवाही का विवरण प्रस्तुत किया गया तथा संबंधित विभाग के अधिकारी से की गई कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की गई। विभिन्न विभागीय अधिकारियों को जिला पंचायत की बैठक में उठाए गए मुद्दो एवं निर्णयों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए स्पस्ट प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से गौशाला संचालन, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के प्रस्तावित कार्यो, नलजल योजना के संचालन, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग की विभागीय हितग्राही मूलक योजनाओ के संबंध में चर्चा की गई तथा ग्रामीण क्षेत्र के विकास से संबंधित निर्णय लिए गए।

# खड़े ट्रक से भिड़ी लोडिंग पिकअप, दो की मौत

## सिंहपुर के पास हुआ दर्दनाक हादसा, पिकअप का केबिन काटकर निकाले जा सके दोनों शव

नवभारत न्यूज

**सीहोर/ भैरूंदा 24 नवंबर. रविवार देर रात सीहोर मार्ग पर ग्राम सिंहपुर के पास खड़े ट्रक में पीछे से एक तेज रफ्तार पिकअप लोडिंग वाहन टकरा गया. इस हादसे में पिकअप के आगे के हिस्से के परखचे उड़ गए. जिससे पिकअप के चालक और एक अन्य व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई. दोनों बुरी तरह वाहन में फंस गए थे. कटर मशीन से गेट काटकर बाहर निकाला जा सका. पिकअप में जिस भैंस को ले जा रहे थे, उसकी भी मौत हो गई.**




पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोपालपुर थाना के सिराली निवासी 22 वर्षीय अजय पिता ज्ञानसिंह बारेला और भैरुंदा थाना क्षेत्र के ग्राम कुरी का सीताराम पिता कैलाश बारेला बोलेरो पिकअप लोडिंग वाहन से भैंस लेकर जा रहे थे . बताया जाता है कि सिंहपुर के पास रात के अंधेरे में वाहन का संतुलन बिगड़ा और सीधे सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गया . बताया जाता है कि ट्रक चालक सड़क किनारे ट्रक खड़ा कर ढाबे पर भोजन करने गया था . इस हादसे में अजय और सीताराम की घटना स्थल पर मौत हो गई . वाहन में मौजूद एक भैंस की भी जान चली गई . हादसे के बाद सड़क से वाहनों की आवाजाही बंद हो गई थी . इस बीच मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी की मदद से पिकअप को सड़क के किनारे किया . तब कहीं यातायात बहाल हो सका . पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है .

# कार्यों में देरी पर नाराजगी जताते हुए लगाई फटकार

नवभारत न्यूज

**सीहोर 24 नवंबर. कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में टीएल बैठक आयोजित की गई. उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए.**

कलेक्टर ने टीएल बैठक के दौरान रेलवे एवं नेशनल हाइवे से संबंधित विकास परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की.

इस दौरान उन्होंने भूमि आवंटन, मुआवजा वितरण तथा विभाग को कब्जा उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में हो रही देरी पर गहरी नाराज़गी जताई. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इन कार्यों में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है.

## महाराष्ट्र से बरामद हुई नाबालिग

**आष्टा.** ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत नाबालिग बालिका को पुणे (महाराष्ट्र) से बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया है. बालिका को उसके परिजनों को सौंपा गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी रामचंद्र मालवीय, निवासी ग्राम सेवदा थाना पार्वती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है. रिपोर्ट पर थाना पार्वती में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. पुलिस कार्रवाईविवेचना के दौरान नाबालिग की पतारसी हेतु एक विशेष टीम गठित की गई. सूचना के आधार पर टीम को पता चला कि नाबालिग बालिका पुणे महाराष्ट्र में है. हां बारामती क्षेत्र में नाबालिग तथा आरोपी पाए गए. पुलिस ने बालिका को सुरक्षित बरामद करते हुए आरोपी अरविंद को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी अरविंद पिता लेखराम उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम डोंगरगांव थाना धुमा, जिला सिवनी के खिलाफ कार्रवाई की गई है.



## मुरली अंडरब्रिज में जाम से आमजन काफी परेशान

**सीहोर.** शहर के व्यस्ततम मुरली अंडरब्रिज में रोजाना जाम के हालत बनने से राहगीर काफी परेशान हो रहे हैं. भारी वाहनों की आवाजाही से निर्मित होने वाले जाम में स्कूली वाहनों के फंसे रहने से बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पा रहे तो अन्य वाहनों में सवार लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. नगर के मुरली अंडरब्रिज से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है. शहर के मंडी व अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से जोड़ने वाले इस अंडरब्रिज में बड़े वाहनों की निर्बाध आवाजाही के चलते दिन भर जाम के हालात निर्मित होते हैं.

# जिला प्रशासन ने बनाया परख ऐप

- अधिकारियों द्वारा छात्रावासों के निरीक्षण की होगी डिजिटल मॉनिटरिंग*
- कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारियों द्वारा हॉस्टलों के निरीक्षण के लिए रोस्टर जारी
- परख ऐप में निरीक्षण उपरांत अधिकारी भरेंगे फीडबैक




**छतरपुर, 24 नवम्बर.** जिला प्रशासन छतरपुर द्वारा एमपीएसईडीसी एवं ई गवर्नेंस के माध्यम से परख ऐप बनवाया गया। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने ऐप के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा जिलेभर के छात्रावासों में सुविधाओं और व्यवस्थाओं को दुरुस्त बनाने के लिए अधिकारियों द्वारा रोस्टर अनुसार एससी, एसटी एवं ओबीसी विभाग के दो-दो हॉस्टलों का निरीक्षण किया जाएगा। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निरीक्षण उपरांत परख ऐप में अपना फीडबैक भरें। ताकि जिला स्तर से डिजिटल तरीके से बेहतर मॉनिटरिंग की जा सके।

**भ्रष्टाचार** सड़क निर्माण में बिछाएं गए डब्लू बीएम की ग्रेडिंग सही नहीं



# पुलिया निर्माण में निभाई जा रही औपचारिकता

## निर्माण में डब्लू बीएम का उपयोग जो मानक के अनुरूप नहीं ग्रामीणों ने की शिकायत

**लवकुशनगर, 24 नवम्बर. जनपद क्षेत्र के लवकुशनगर-गौरिहार मुख्य मार्ग से पटना गांव तक लोक निर्माण विभाग के द्वारा अदिति कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर सतना से 1.39 करोड़ की लागत से 1.60 किलोमीटर की सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है.**

ग्रामीण उमाशंकर अनुरागी, संतु रजक, जागे रजक ने आरोप लगाते हुए बताया कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण में रत्ती भर भी क्वालटी नहीं दी जा रही है, सड़क निर्माण के लिए बिछाए गए डब्लू बीएम में ग्रेडिंग का ध्यान नही रखा गया है, निर्माण कार्य मे सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है, ग्रामीणों ने घटिया सड़क निर्माण कार्य की शिकायत कलेक्टर से की है।

**अर्थ वर्क में हुई थी गड़बड़ी नहीं कराया गया सुधार**

ग्रामीणों ने बताया कि 1.60 किलोमीटर की सड़क में अर्थ वर्क में भी ठेकेदार द्वारा जमकर लापरवाही की गई थी, सड़क में रोलिंग का कार्य नहीं कराने से बारिश के सीजन में सड़क धंस गई थी, सीआरएम बिछाने में लापरवाही की गई थी, इसके बाद भी अर्थ वर्क में सुधार नही कराया गया, और डब्लू बीएम का काम शुरू हो गया.

**पुलिया निर्माण में 40 एमएम व 20 एमएम गिट्टी का उपयोग नही ब्राइवेटर भी गायब:** ग्रामीण सीताराम अहिरवार, सिपाही पाल ,मोहन पाल, सुरजा अहिरवार ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान पुलिया निर्माण भी चल रहा है, जिसमे ठेकेदार द्वारा 40 एमएम व 20 एमएम गिट्टी का उपयोग न कर डब्लू बीएम का उपयोग कर पुलिया निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जो गलत है, ठेकेदार द्वारा ब्राइवेटर का उपयोग न किए जाने से पुलिया निर्माण में मजबूती नहीं मिलेगी।

यह बात सही है कि ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण में गड़बड़िया की गई है, मेरे द्वारा मौके पर पहुचकर ही अब आगे का काम शुरू होगा, सोमवार को काम बंद करा दिया गया है,

**पीके जड़िया** उपयंत्री लोक निर्माण विभाग लवकुशनगर